# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 15 जनवरी, 2020


- डिएगो
- द्वीप विकास एजेंसी
- रोज़गार संगी ऐप
- ट्रूनाट
- ताल ज्वालामुखी


## डिएगो

## Diego

हाल ही में डिएगो (Diego) नामक विशालकाय कछुए को इक्वाडोर (Ecuador) के गैलापागोस नेशनल पार्क (Galapagos National Park) के कैप्टिव प्रजनन कार्यक्रम (Captive Breeding Programme) से अवकाश दे दिया गया।



- डिएगो को एस्पानॉला द्वीप (Española Island) पर वापस लौटा दिया गया जहाँ से इसे लगभग 80 वर्ष पहले लिया गया था।

## प्रमुख बिंदु:

- डिएगो का वैज्ञानिक नाम चेलोनोइडिस हुडेंसिस (Chelonoidis Hoodensis) है।
- डिएगो की उम्र 100 वर्ष है और इसे वर्ष 1976 में प्रजनन कार्यक्रम में शामिल किया गया था तब से कछुओं की आबादी 15 से बढ़कर 2,000 हो गई है।

## डिएगो की विशेषताएँ:

- इसकी गर्दन लंबी, चेहरा हल्का पीला और आँखें चमकीली होती हैं।
- इसकी अधिकतम लंबाई पाँच फीट और वज़न लगभग 176 पाउंड होता है।
- इसे अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) की रेड लिस्ट में **गंभीर संकट** (Critically Endangered) की श्रेणी में रखा गया है।




## गैलापागोस नेशनल पार्क (Galápagos National Park) के बारे में

- यह इक्वाडोर का पहला राष्ट्रीय उद्यान है, इसे वर्ष 1959 में बनाया गया था।
- गैलापागोस द्वीपसमूह को वर्ष 1978 में यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था।

---

# द्वीप विकास एजेंसी

# Island Development Agency

हाल ही में द्वीप विकास एजेंसी (Island Development Agency) की छठी बैठक का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इस बैठक में 'द्वीपों का समग्र विकास' (Holistic Development of Islands) कार्यक्रम के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की गई।

## द्वीप विकास एजेंसी के बारे में

- केंद्र सरकार ने भारतीय द्वीपों के विकास के लिये 1 जून, 2017 को द्वीप विकास एजेंसी का गठन किया था।
- इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा की जाती है।

## 'द्वीपों का समग्र विकास' कार्यक्रम

- देश में पहली बार द्वीपों के सतत् विकास की पहल द्वीप विकास एजेंसी के मार्गदर्शन में की जा रही है। इन द्वीपों की पहचान वैज्ञानिक मूल्यांकन के परिप्रेक्ष्य में वहनीय क्षमता के आधार पर की गई है।
- पहले चरण में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के चार द्वीपों और लक्षद्वीप समूह के पाँच द्वीपों का चयन किया गया है।
- इन द्वीपों पर द्वीपवासियों के लिए रोज़गार सृजन करने के उद्देश्य से पर्यटन को बढ़ावा देना तथा द्वीपों पर निर्मित समुद्री भोजन और नारियल आधारित उत्पादों के निर्यात को ध्यान में रखकर विकास योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है।
- दूसरे चरण में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अन्य 12 द्वीपों और लक्षद्वीप समूह के अन्य 5 द्वीपों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

---

# रोज़गार संगी एप

# Rojgaar Sangi app

छत्तीसगढ़ सरकार ने कुशल एवं प्रशिक्षित उम्मीदवारों को नौकरी खोजने में मदद करने के उद्देश्य से रोज़गार संगी एप (Rojgaar Sangi app) लॉन्च किया।

## मुख्य बिंदु:

- इस एप को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (National Informatics Centre) की मदद से विकसित किया गया है।
- यह एप छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण (Chhattisgarh State Skill Development Authority- CSSDA) द्वारा प्रस्तावित 705 पाठ्यक्रमों के तहत प्रशिक्षित 7 लाख छात्रों को लाभ पहुँचाएगा।

---

# ट्रूनाट

# TrueNat

विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation-WHO) ने तपेदिक (TB-TUBERCULOSIS) के निदान के लिये भारत के स्वदेशी उपकरण **ट्रूनाट (TrueNat)** को सार्वजनिक करने की स्वीकृति दी।



## मुख्य बिंदु:

- ट्रूनाट टीबी परीक्षण (TrueNat TB test) एक नया आणविक परीक्षण है जो एक घंटे में टीबी की जाँच कर सकता है और साथ ही यह रिफैम्पिसिन (Rifampicin) से उपचार के प्रति प्रतिरोध की भी जाँच कर सकता है।
    - रिफैम्पिसिन (Rifampicin) एक एंटीबायोटिक है जिसका उपयोग कई प्रकार के जीवाणु संक्रमणों जैसे- तपेदिक का इलाज करने के लिये किया जाता है।
- इस उपकरण को गोवा की मोलबायो डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड (MolBio Diagnostics Pvt Ltd) कंपनी द्वारा विकसित किया गया है।
- वर्ष 2018 में लगभग 10 मिलियन लोग टीबी से प्रभावित थे जिनमें 1.5 मिलियन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि हर वर्ष कम-से-कम एक लाख बच्चे इस बीमारी से ग्रसित हो जाते हैं।
- गौरतलब है कि मल्टीड्रग2 (Multidrug2) और रिफैम्पिसिन प्रतिरोधी तपेदिक (Rifampicin Resistant Tuberculosis- MDR/RR-TB) के लगभग 5,00,000 नए मामले प्रतिवर्ष सामने आते हैं किंतु वर्ष 2018 में निदान एवं उपचार के दौरान तीन में से केवल एक मामले का पता लगाया जा सका था।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि वर्ष 2010 में Xpert MTB/RIF के आने के बाद मायकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस और रिफैम्पिसिन प्रतिरोधी तपेदिक के प्रारंभिक परीक्षण में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।
    - Xpert MTB/RIF एक न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (Nucleic Acid Amplification Test- NAAT) है जो मायकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस (Mycobacterium Tuberculosis-MTB) और रिफैम्पिसिन (RIF) के प्रतिरोध की पहचान कर लेता है।

---

# ताल ज्वालामुखी

# Taal Volcano

फिलीपींस की राजधानी मनीला से 50 किमी. दूर स्थित लूज़ोन (Luzon) द्वीप पर 12 जनवरी, 2020 को ताल ज्वालामुखी में उद्गार हुआ।




## मुख्य बिंदु:

- फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्कैनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी (PHIVOLCS) द्वारा ताल ज्वालामुखी को एक जटिल ज्वालामुखी (Complex Volcano) के रूप में वर्गीकृत किया गया है अर्थात इस ज्वालामुखी में एक मुख्य उद्गार केंद्र होने के साथ-साथ कई अन्य उद्गार केंद्र होते हैं। जैसे इटली के पश्चिमी तट पर माउंट विसुवियस।
- पिछली कुछ शताब्दियों में ताल ज्वालामुखी में 30 से अधिक बार उद्गार हो चुका है। पिछला उद्गार वर्ष 1977 में हुआ था।
- गौरतलब है कि फिलीपींस दो टेक्टोनिक प्लेटों (फिलीपींस समुद्री प्लेट और यूरेशियन प्लेट) की सीमा पर स्थित होने के कारण भूकंप और ज्वालामुखी के प्रति अतिसंवेदनशील है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-15-january-2020